आई एम कलाम के बहाने

(मिहिर पांडेय - फ़िल्मी लेख)

WORKSHEET - (10.10.2020)

sarjunsivaram.k@gmail.com

डायरी लेखन

- डायरी तैयार करते समय इन बातों पर ध्यान दें -

1. एक डायरी की शुरुआत कैसे होनी है ?
   - समय और काल की सूचना दी गई है ?
   - शुरू में तारीख लिखा है ?
   - *इस प्रकार भी शुरू कर सकते हैं -*
     - आज का दिन मैं कैसे भूलूँ ?
     - आज मेरा सपना साकार हुआ / नहीं हुआ।
     - मेरा सपना साकार हुआ।
     - आज यादगार दिन था।
     - आज कैसा दिन रहा! सालों का मेरा सपना आज पूरा हुआ।
     - किसी तरह आज का दिन बीता।

2. भाषा कैसी होनी है ?
   - स्वाभाविक
   - विराम चिन्हों का सही प्रयोग
   - मनोभावों के आधार पर वाक्यों का प्रयोग

3. घटनाओं का वर्णन कैसे करना है ?
   - भावात्मक रूप से
   - आत्मनिष्ठ शैली में (डायरी लिखने वाले पात्र के आधार पर)

गतिविधि-1

- पढ़ें, डायरी लिखें।

> वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। और वह अकेला ही निकल पड़ता है। रास्ते में मुश्किलें हैं। लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

? फिल्म के अंत में छोटू उर्फ कलाम का सपना साकार होता है। अपनी सफलता की बात वह अपनी डायरी में लिखता है। संभावित **डायरी** लिखें।

निम्नलिखित वाक्यांशों को उचित स्थान पर रखकर डायरी की पूर्ति करें।
(ചുവടെ നൽകിയ വാക്യാംശങ്ങൾ ഉപയോഗിച്ച് ഡയറിയിലെ വിട്ടഭാഗങ്ങൾ പൂർത്തിയാക്കുക.)

- आज कितना सुंदर दिन रहा।
- कलाम साहब को
- छोटू कहकर
- लूसी मैडम से मिलने का
- सिर्फ़ छोटू होकर
- कलाम साहब से मिलने पर
- गाँववालों की
- उनके साथ दिल्ली लेकर जाने का
- इन सबके बीच मैं कितना रोया करता था।
- मेरा दोस्त रणविजय के पिता ने
- लंबे बालोंवाले राष्ट्रपति कलाम-सा बनना मेरा सपना था।

डायरी

तारीख

वाह! __________________। सालों का मेरा सपना आज पूरा हुआ। मेरी खुशी का ठिकाना नहीं। बचपन से लेकर मैं इस दिन का इंतज़ार कर रहा था। ______________________________________। गाँववाले मुझे ________ पुकारते थे। लेकिन मैं ___________ जीना नहीं चाहता। खेत-मज़ूरी, भाटी सा की दुकान में काम... ___________________________। लेकिन मुझ पर भगवान की कृपा है। _________________ सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। मैडम ने मुझे ____ ___________________ वादा किया था। ______________________ मुझ पर चोरी का आरोप लगाया। मैं दोस्ती का वादा निभाना चाहता और चोरी का आरोप सह लिया। यहीं मैंने निश्चय किया कि दिल्ली जाकर चिट्ठी _____________ खुद देगा। मैं अकेला ही निकल पड़ा। रास्ते में कितनी मुश्किलें थीं। पर ______________ जीने की नई ऊर्जा मिली। आगे खूब पढ़ूँगा। _________ मदद करूँगा। काश ! मैं कलाम बन जाएँ...

गतिविधि-2

? मोरपाल ने मिहिर के खाने के डिब्बे का राजमा-चावल खाया। उसने वह पहली बार खाया था। मान लें, वह अपने विचारों को डायरी के रूप में लिखता है। मोरपाल की डायरी कल्पना करके लिखें।



डायरी लेखन

<u>परीक्षा-केंद्रित आकलन बिंदु</u> : (Answer Key/Value Points)

- समय और काल की सूचना
- स्वाभाविक भाषा प्रयोग
- भावात्मक प्रस्तुति
- अनौपचारिक भाषा का प्रयोग
- आत्मनिष्ठ शैली